नियमित गतिविधि प्रतिवेदन

## "राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम"

दिनांक 16/02/2022

शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी - बर्रा ,जिला - रायगढ़ (छ. ग.) में नोडल अधिकारी श्री आर.के.थवाईत के सरंक्षण एवं महाविद्यालय के रेड क्रॉस इकाई की प्रभारी श्रीमती स्वेता जैन के नेतृत्व में "राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के प्रारम्भ में रेड क्रॉस प्रभारी श्रीमती स्वेता जैन के द्वारा छात्र - छात्राओं को तम्बाकू सेवन संबंधी दुष्प्रभाव एवं समाज एवं परिवार पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के बारे में बताया। छात्र - छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रेरणादायक व्याख्यान श्री असीम श्रीवास्तव के द्वारा दिया गया जिसमे उन्होंने धूम्रपान का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है साथ ही साथ उन्होंने बताया कि भारत तम्बाकू आधारित उत्पादों का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक है। तम्बाकू का सेवन बहुत सारे रोगों जैसे - कैंसर , फेफड़ों की बीमारियों और हृदय रोगों सहित स्वास्थ्यगत बीमारियों के मुख्य कारकों में से एक है। आगे उन्होंने बताया कि हर साल 10 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू खाने से हो जाती है , हर 6 सेकंड में तम्बाकू खाने से 1 की मौत होती है साथ ही उन्होंने तम्बाकू सेवन से संबंधित नियमों की भी विस्तारपूर्वक व्याख्या की। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित साहेल प्राध्यापक श्री वासुदेव पटेल ने अपने प्रेरणात्मक विचारों से वर्तमान समाज में आम नागरिक के मनसा में परिवर्तन कर समाज में जागरूकता लाने की बात कही साथ ही साथ उन्होंने कहा कि तम्बाकू के लत से अपने को आजाद करना है तथा विभिन्न किस्से कहानियों के माध्यम से हमारे आम जीवन में तम्बाकू सेवन से संबंधित उदाहरण को प्रस्तुत किया। इस तरह उदबोधन के पश्चात "जागरूकता रैली" निकाला गया जो महाविद्यालय से ग्राम - जोबी के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए बाजार पारा जोबी पहुँची जहाँ स्थानीय लोगों को धूम्रपान नही करने की सलाह दी गयी ,और छात्र - छात्राओं द्वारा घर-घर , दुकानों और जलपानगृह जाकर धूम्रपान न करने संबंधी पाम्पलेट दिए गए और उत्साहपूर्वक नारे लगाए गए ,इस तरह "जागरूकता रैली" पुलिस चौकी जोबी पहुँची जहाँ चौकी परिसर में चौकी प्रभारी एवं अन्य आरक्षकों के द्वारा महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं के साथ मिलकर धूम्रपान नही करने की शपथ ली गई।

रेडक्रास प्रभारी
श्रीमती श्वेता जैन (सहा.प्राध्या.समाजशास्त्र)
शहीद वीर नारायण सिंह शास.महा.जोबी–बर्रा,
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)


POCO X3 | DEWANSH

नियमित गतिविधि प्रतिवेदन

## "विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम"

दिनांक 01/12/2021

आज दिनांक - 1 दिसम्बर 2021 शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी - बर्रा, जिला - रायगढ़ (छ. ग.) में रेड क्रॉस सोसायटी की प्रभारी श्रीमती श्वेता जैन ( सहायक प्राध्यापक , समाजशास्त्र ) जी के निर्देशानुसार 1 दिसम्बर 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर जागरूकता रैली निकाला गया जो महाविद्यालय से ग्राम जोबी के प्रमुख चौक चौराहों से होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोबी तक पहुँचा, वहाँ उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एड्स के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी अंततः बाजार पारा जोबी होते हुए महाविद्यालय पहुँचे तथा इस रैली के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा उत्साहपूर्वक एड्स जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न नारे , स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया। इस तरह महाविद्यालय के कक्ष में एड्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें रा.से.यो. की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना आसटकर ( सहायक प्राध्यापक, रसायन ),श्री वासुदेव पटेल ( सहायक प्राध्यापक , हिंदी ), श्री राहुल राठौर ( अतिथि व्याख्याता , राजनीति विज्ञान ), श्री रितेश राठौर ( अतिथि व्याख्याता , वाणिज्य ), श्रीमती हेमलता पांडेय ( अतिथि व्याख्याता , रसायन ), सुश्री लक्ष्मी केंवट ( अतिथि व्याख्याता , प्राणीशास्त्र ), श्री मोहन सारथी एवं बी.ए. , बी.एस.सी.,बी.कॉम तीनों ही संकाय के छात्र - छात्राएं उपस्थित रहें जिनका कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान प्राप्त हुआ

रेडक्रास प्रभारी
श्रीमती श्वेता जैन (सहा.प्राध्या.समाजशास्त्र)
शहीद वीर नारायण सिंह शास.महा.जोबी–बर्रा,
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)



Indian Red Cross Society
Distt : - Raigarh (C.G.)
YOUTH RED CROSS
Health | Service | Friendship
Unit : Govt. Shaheed Veer Narayan Singh Colle
Jobi-Barra, Distt :- Raigarh (C.G.)
Established - 2021-22
Smt. Sweta Jain
Red Cross Society Coordinator
Dr. P.C. Ghritlah

नियमित गतिविधि प्रतिवेदन

# 'प्रशस्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम2021-22'

दिनांक 24/05/2021

शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा , जिला रायगढ के यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी इकाई ने 'प्रशस्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम 2021-22' का सफल आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी. सी. घृतलहरे की अनुमति से, नोडल अधिकारी आर. के. थवाईत के संरक्षण में महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस प्रभारी श्रीमती श्वेता जैन के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ मे रेड क्रॉस प्रभारी श्रीमती श्वेता जैन के द्वारा महाविद्यालय के इस सत्र के सभी सहभागी स्वयंसेवकों को उनके सफल एवं महत्वपूर्ण सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया , जिन्होंने सदैव यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय का सहयोग किया । एवं जीवन पर्यंत इसके उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने की शपथ ली। ज्ञातव्य है कि महाविद्यालय के सत्र 2021-22 में ही प्रथम बार रेड क्रॉस सोसाइटी की मान्यता प्राप्त हुई थी , तथा स्वयंसेवकों के ऊर्जावान प्रयासो से समस्त कार्यक्रम का सफल आयोजन कराया गया । महाविद्यालय की रेड क्रॉस सोसाइटी मे कुल 60 स्वयं सेवक थे जिसमें 30 छात्र एवं 30 छात्रा सम्मिलित थी। इनके द्वारा दिए गए योगदान की सराहना करते हुए इन्हें महाविद्यालय के रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्माचारी उपस्थित थे जिसमे नोडल अधिकारी श्री आर. के थवाईत, डॉ अर्चना असेटकर, श्री वासुदेव पटेल सर, श्री योगेन्द्र राठिया , श्री पी.एस. सिदार, श्रीमती रानू चंद्रा एवं श्री असीम श्रीवास्तव उपस्थित थे। इनके द्वारा ही स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित करने हुए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। प्रशस्ति-पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में दिव्या , नमिता,ईश्वरी,लेखनी,हेमलता मेहरा ,गायत्री,पदमा, रीतूयादव,चंद्रमा,आरती,तेजपाल,दृधर,तेजराम,चंद्रेश,कोमल,दिनेश,अभिषेक,दीपक,भूमिका,अश्वनी,पल्लवी,सुष्मिता,महेश्वर,सुरेश्वरि साहू,परमेश्वर, चैतकुंवर,कीर्ति,शिवकुमारी,प्रदीप,ज्योति,पूर्णिमा, मनीषा देवांगन शामिल थे।

रेडक्रास प्रभारी
श्रीमती श्वेता जैन (सहा.प्राध्या.समाजशास्त्र)
शहीद वीर नारायण सिंह शास.महा.जोबी–बर्रा,
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

